14. विराम-चिह्न

लिखते समय रुकने या ठहरने को प्रकट करने के लिए भाषा में कुछ चिह्न निर्धारित किए गए हैं, उन्हें विराम-चिह्न कहते हैं। विराम चिह्नों का भली-भाँति ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इसके अभाव में अर्थ का अनर्थ हो सकता है।

शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को विराम-चिह्नों से परिचित कराएँ।
- ❖ विराम-चिह्नों की आवश्यकता क्यों होती है, समझाएँ।
- ❖ पृष्ठ 100 पर दिए वार्तालाप के वाक्यों द्वारा विराम की उपयोगिता स्पष्ट करें।
- ❖ विराम चिह्नों के विभिन्न प्रकार बताएँ।
- ❖ प्रत्येक विराम-चिह्न के प्रयोग पर बल दें।
- ❖ पृष्ठ 101-103 पर दिए विराम चिह्नों की परिभाषा, प्रयोग तथा उदाहरणों को समझाएँ।
- ❖ छात्रों से विराम-चिह्न लगवाकर वाक्यों को पढ़वाएँ।
- ❖ सभी विराम-चिह्नों के बारे में विस्तार से चर्चा करें।
- ❖ ब्लैकबोर्ड पर बिना विराम चिह्न लगाए वाक्यों को लिखें तथा छात्रों से उनमें सही विराम-चिह्न लगवाएँ।
- ❖ सभी छात्रों को अवसर दें।
- ❖ छात्रों द्वारा किया पाठ अभ्यास जाँचें। यदि गलती हो तो उन्हें समझाकर सही करवाएँ।